आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 15.02.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक करोड़ रुपए की लागत से खटीमा में अधिवक्ताओं लिए चैम्बर का लोकार्पण किया। 20 नए चैंबर बनाने की घोषणा की।
- औली में आयोजित राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड के शार्दुल थपलियाल ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे।
- ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 22 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे।
- और... आई.सी.सी. टी20 क्रिकेट विश्व कप में, आज शाम कोलंबो में भारत और पाकिस्तान होंगे आमने–सामने।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज एक करोड़ रुपए की लागत से खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं लिए नवनिर्मित चैम्बर का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चैंबर बनाने के लिए दो करोड़ 50 लाख रुपये देने की घोषणा की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को महाशिवरात्रि पर्व और नए चैम्बर बनने की बधाई व शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नया चैम्बर अधिवक्ताओं के लिए न्यायिक विमर्श व विधि अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा न्यायिक कार्य सरलता और त्वरित गति से होंगे।

राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध हिम क्रीड़ा स्थल औली में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता और प्रथम शीतकालीन कार्निवल अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है। बर्फ से ढकी वादियों के बीच रोमांच और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। तीसरे दिन स्की पर्वतारोहण वर्टिकल रेस की पुरुष स्पर्धा में उत्तराखंड के शार्दुल थपलियाल ने शानदार टाइमिंग और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पेश है एक रिपोर्ट–––

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। पाँच दिवसीय यह एक्सपो इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसके जरिए आटिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्ज़रलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

श्री केदारनाथ धाम

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष में 22 अप्रैल को वृष लग्न में सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे। आज पूर्वाह्न महाशिवरात्रि के अवसर पर परंपरानुसार श्री केदारनाथ धाम के रावल, रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, मंदिर समिति सदस्यों, धर्माचार्यों और पंचगाई हकूक धारियों की उपस्थिति में शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पंचांग गणना के बाद कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित हुई।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पावन पर्व आज प्रदेश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में शिवालयों और मन्दिरों में विशेष पूजा–अर्चना की गई।

उत्तरकाशी में महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल–नगाड़ों और हर–हर महादेव के जयघोष के बीच शिव बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

वहीं पिथौरागढ़ जिले के सभी शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। लोगों ने मंदिर में पहुंचकर भगवान शंकर का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। इस मौके पर जिले के थल केदार, सेरादेवल, पाताल भुवनेश्वर, कपिलेश्वर सहित अनेक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस मौके पर शिव भक्त गीतिका पंत ने भगवान शिव से पूजा कर आशीर्वाद लिया।

सतराली की होली

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज अल्मोड़ा जिले की सतराली की होली बाबा बागनाथ के धाम पहुंची। सतराली की होली की अपनी एक अलग ही पहचान है। इस अवसर पर होल्यारों ने बागनाथ मंदिर में शिव की पूजा कर होली के गीतों का गायन किया तो पूरा मंदिर परिसर होली के रंग में रंग गया।

ताकुला क्षेत्र के कोतवालगांव, कांडे, लोहना, खाड़ी, झाड़कोट, पनेरगांव और थापला में इसे पारंपरिक और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस संबंध में राजेश बताते हैं कि आजादी के बाद से उनके गांवों के बुजुर्ग बैठकी होली के गीतों के गायन की शुरूआत बाबा बागनाथ के मंदिर में गाकर किया करते थे।

<u>टी–ट्वेंटी क्रिकेट</u>

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। मैच में बारिश होने की आशंका भी जताई गई है। इस मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमी उत्साहित है।